BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक – 14 जुलाई, 2024 **थाना कोतवाली नगर**

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी किये गये 1,25,000/- रुपये अथक परिश्रम कर वापस करायें गये।

दिनांक 28.06.2024 को आवेदक श्री विकास शर्मा निवासी 26/21 देवीपुर प्रथम थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ने साईबर ठगी द्वारा खाते से 1,25,000/- रुपये काटे जाने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर एक प्रार्थना पत्र दिया। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर साईबर टीम के द्वारा आवेदक की शिकायत 1930 (साईबर क्राईम हैल्पलाईन) पर दर्ज कराई गयी। थाना कोतवाली नगर साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 1,25,000/- रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सावधानः- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

मीडिया सैल बुलन्दशहर